तुम तो संकट मोचन हो हमे क्या ठुकराओगे।
(तर्ज :- तुम तो ठहरे परदेसी साथ क्या)

तुम तो संकट मोचन हो हमे क्या ठुकराओगे।
बाबा अपने भक्तों की बिगड़ी बना जाओगे॥
बिगड़ी बना जाओगे, बिगड़ी बना जाओगे॥
तुम तो संकट बाबा

श्रीराम की भक्ति तो, बजरंग तुझे भाती है–2
सियाराम की भक्ति में खोये रहते हो,
श्रीराम की मूरत को हृदय में संजोये रहते हो,
जहाँ कीर्तन होता है राम नाम का,
वहाँ वास रहता है श्री हनुमान का,
श्रीराम की भक्ति तो, बजरंग तुझे भाती है–2
नाच–नाच करके श्रीराम को रिझाओगे॥१॥
तुम तो संकट बाबा

हम सालासर में आके, शीश दर पे झुकाते हैं–2
तेरे चरणों में बाबा सर को झुकाये बैठे हैं हम,
दुनिया के गमों से घबराये बैठे हैं हम,
अपनी दया दृष्टि करदो हमपे भी बालाजी,
दर्शन की तेरे मन में आशा लगाये बैठे हैं हम।
हम मैंहदीपुर में आके, शीश दर पे झुकाते हैं–2
अपनी दयालु नजरें हमपे कब गिराओगे॥२॥
तुम तो संकट बाबा

तेरी जै जैकार से तो, हर काम बनते हैं–2

हर पल, हर वक्त तुझे ही पुकारें बाबा,
जगाकर ज्योति भक्ति की राह तेरी निहारें बाबा,
किस्मत खुल जाती है नाम तेरा गाने से,
खाली हाथ गया न कोई आके तेरे द्वारे बाबा।
तेरी जै जैकार से तो, हर काम बनते हैं–2
सोया नसीब खेदड़ का कब जगाओगे ॥३ ॥
तुम तो संकट बाबा

तुम तो संकट मोचन हो हमें क्या ठुकराओगे।
बाबा अपने भक्तों की बिगड़ी बना जाओगे॥
बिगड़ी बना जाओगे, बिगड़ी बना जाओगे॥
तुम तो संकट बाबा

Source: https://www.bharattemples.com/tum-to-sankat-mochan-ho-bhajan/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw